# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :168

मार्च 2016

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौहदवां वर्ष

स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष


- मार्च 2016 में 25 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 13
- उदयपुर का तापमान मार्च माह में : अधिकतम 39.5° सेल्सियस, न्यूनतम 18.0° सेल्सियस रहा।
- फरवरी माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग-

- **विशेष सहयोग** - श्री राजीव अग्रवाल रु.10,100/–
  श्रीमती रेखा अग्रवाल रु. 10,000/–
  डॉ. के.एल. कोठारी रु. 3,000/–
- **छात्रवृत्ति कोष** - नवाचार महिला प्रकोष्ठ रु.15,000/–; वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ रु. 15,000/–; मिसाल सेवा संस्थान रु. 5,000/–; श्रीमती अदिति मंजु पानेरी रु. 5,000; श्रीमती आभा झंवर रु. 3000/–
- **वार्षिक सहयोग** - डॉ. के.एल. कोठारी, श्रीमती विमला कोठारी, श्री पराग कोठारी, श्री पवन कोठारी, श्रीमती रेणु धाकड, श्रीमती लीना जैन, श्रीमती मोनिका कोठारी, श्री बृजमोहन दीक्षित प्रत्येक से रु. 1000/–
- **आजीवन सदस्यता** - डॉ.सोहनराज जी तातेड़, श्री बी.एल. पोखरना, श्री एल.एन. शर्मा 11000/– रु. प्रत्येक से।

सभी सहयोगियों का सादर आभार ।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

● लोकविज्ञान : मार्च अंक में **हमारे शरीर में पाये जाने वाली ग्रंथियाँ; प्रेरणास्पद जीवन : प्रो. नील रतनधर; सावधान ! इंटरनेट भी एक नशा है** आदि का समावेश है।

## महिला सशक्तीकरण

● **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस :** नवाचार महिला व वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक मिसाल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 10 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में बहुत ही गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को तीन सत्रों में 1– विचार मंथन सत्र 2– प्रतिभा–प्रदर्शन सत्र 3– मनोरंजन सत्र (म्यूजिकल हाउजी) के रूप में मनाया गया। प्रथम सत्र में योग विधा व महिलाओं के अधिकार विषय पर कार्यक्रम रखा गया। इस सत्र की मुख्य अतिथि **डॉ. अनिला दोषी** अधिष्ठाता राजस्थान कृषि महाविद्यालय थी। सर्वप्रथम **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** ने सबका स्वागत करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि **डॉ. अनिला दोषी** का **श्रीमती पुष्पा कोठारी एवं श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने उपरणा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर **श्रीमती ललिता दुग्गड़** की 85 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया इसके पश्चात् **श्रीमती रेखा सोनी** को योगविधा के लिए आमन्त्रित किया। **श्रीमती रेखा सोनी** ने योग के महत्व को बताते हुए आधे घण्टे तक उपस्थित सदस्यों को ध्यान कराया। इस अवसर पर 180 महिलाएं एवं विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी,** कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़,** महामंत्री **डॉ. के.एल. तोतावत,** कोषाध्यक्ष **श्री एल.एल. चण्डालिया** एवं अनेक सदस्य उपस्थित थे। योग के पश्चात् विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** ने विज्ञान समिति की जानकारी देते हुए दीपावली पर स्वरचित कविता का संगान किया। इसके पश्चात् महिलाओं के अधिकारों पर **श्रीमती प्रमोदनी बक्षी** ने वार्ता दी तथा सदन से आये प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रथम सत्र के अंत में **श्रीमती अरूणा जावरिया** ने समय पर आने वाली सदस्याओं के नाम की चिट अतिथियों द्वारा खुलवाई तथा प्रथम , द्वितीय व तृतीय को पारितोषिक दे कर सम्मान किया गया। इसी सत्र के अंत में **श्रीमती मंजु सिंघवी** द्वारा ज्ञानार्जन के आधार पर दो गेम लिखित में खेलाये गये तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

द्वितीय सत्र महिलाओं के प्रतिभा प्रदर्शन का था। इस सत्र की संयोजिका **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने सबका स्वागत करते हुए इस सत्र के कार्यक्रमों के बारे में बताया व संचालन कार्य मिसाल क्लब की महामंत्री **श्रीमती पुष्पा लोढ़ा** को सौपा। इस सत्र में सभी प्रकोष्ठों की महिलाओं ने नृत्य, गायन, मिमिक्री, नाटक तथा स्वरचित कवितायें प्रस्तुत की। सभी को यह कार्यक्रम पसन्द आया। इस सत्र की मुख्य अतिथि **श्रीमती डॉ. विनया पेण्ड्से** थी। उनका **श्रीमती निर्मला शाह** ने शॉल ओढाकर सम्मान किया। **डॉ. विनया पेण्ड्से** ने महिलाओं को अपने कर्तव्य व अधिकारों की जानकारी दी। इसके पश्चात् विज्ञान समिति की उपाध्यक्ष एवं प्रभारी महिला सशक्तिकरण **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सभी कार्यकर्ताओं व सदस्यों को


धन्यवाद दिया व भोजन के लिए आमन्त्रित किया।

भोजन उपरान्त तृतीय सत्र में मनोरंजन कार्यक्रम के अंतर्गत म्यूजिकल हाउजी खेलाई गई। इस सत्र की संयोजिका **श्रीमती बेला जैन** थी। यह हाउजी महिलाओं के भूले बिसरे प्रसिद्ध गानों से अति मनोरंजक **श्रीमती पुष्पा गुप्ता, श्रीमती मंजु सिसोदिया एवं श्रीमती सुरजीत कौर** द्वारा आयोजित हुए। इस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

- **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** इस माह चेतना शिविर 30 मार्च को आयोजित हुआ जिसमें 15 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रार्थना के साथ हुआ।



**श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने स्वागत करते हुए **राजस्थान दिवस 30 मार्च** पर वार्ता दी। **आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के **श्री भंवरलाल पोखरना** व **श्री एल.एन.शर्मा** ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति पर वार्ता दी व कुछ दर्दियों की चिकित्सा की। **श्री प्रकाश तातेड़** ने राजस्थान दिवस व राजस्थान से संबंधित प्रश्न पूछे। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने मेरूदण्ड को स्वस्थ्य रखने की यौगिक क्रियाएँ करवाई। **श्री बी.एम. दीक्षित** ने इस माह खेती में की जाने वाली क्रियाओं के बारे में जानकारी दी। **श्रीमती क्रान्ति माथुर** ने वनवासी जातियों को भी आगे बढ़ाने एवं **डॉ. प्राची भटनागर** ने साफ–सफाई व भोजन के पोषक तत्वों के संरक्षण पर जानकारी दी।



कार्यक्रम का संचालन **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने किया। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने **लहर मासिक पत्रिका** का वितरण किया एवं विभिन्न सामग्री पर प्रकाश डाला। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने **'काछवली'** में महिलाओं के शराबबन्दी आन्दोलन के विषय में महिलाओं से विस्तृत चर्चा की। जिन महिलाओं ने ऋण ले रखा है उन्होंने नियमित मासिक किश्त जमा कराई। अंत में महिलाओं को जलपान कराकर यात्रा भत्ता दिया गया।

- **समिति द्वारा छात्रवृति वितरण**

विज्ञान समिति द्वारा पिछले तीन वर्षो से एक नई गतिविधि प्रारम्भ की गई है – **''विज्ञान पढ़ने वाली विद्यालयी छात्राओं को मेरिट कम नीड छात्रवृति''**। चालू वर्ष 2015–16 में दो बार छात्रवृतियाँ पहले प्रदान की गई है प्रथम चरण में 27 छात्राओं को तीन–तीन हजार तथा द्वितीय चरण में 50 छात्राओं को दो–दो हजार रुपयें की छात्रवृति प्रदान की गई। इस माह में




**एम.पी.यूएटी के नव कुलपति डॉ. उमाशंकर द्वारा विज्ञान समिति सभागार में छात्राओं को छात्रवृत्ति देते हुए।**

आयोजित तृतीय चरण में 54 छात्राओं को एक–एक हजार रुपयें की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। छात्रवृति देने के लिए विज्ञान समिति के सदस्यों एवं उनके निकटवर्ती महानुभावों द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति **प्रो. उमाशंकर शर्मा** थे तथा अध्यक्षता उसी



वि वविद्यालय के कृषि अनुसंधान निदे ाक **प्रो. गौरीशंकर आमेटा** ने की। महावीर इन्टरने ानल उदयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष **इंजी. बी.एल. खमेसरा** (पूर्व महानिदे ाक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम) वि ाष्ठ अतिथि एवं समिति के कई वरिष्ठ सदस्यगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। स्वागत समिति अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** ने किया तथा पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। **प्रो. पी.एम. अग्रवाल एवं प्रो. एन.एल. कच्छारा** ने विद्यार्थियों को प्रेरणात्मक संबोधन दिए। छात्रवृति प्रकोष्ठ के संयोजक **प्रो. जे.एन. कविराज** ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में छात्रवृति प्रकोष्ठ के विशिष्ट पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को ओर अधिक श्रम करने की प्रेरणा देते हुए जन सहयोग की अपेक्षा की।





सभी मंचासीन अतिथियों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अधिक से अधिक परिश्रम करने, आलस्य त्यागने एवं संकल्पपूर्वक आगे बढ़ने की सलाह दी। **प्रो. जे.एन. कविराज** ने विद्यार्थियों को आ वासन दिया कि उनके पढने संबंधी कठिनाई में विज्ञान समिति सहायक बन सकेगी। **प्रो. एल.एल. धाकड़**, कार्यकारी अध्यक्ष, विज्ञान समिति द्वारा आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आप भविष्य में अच्छे वैज्ञानिक, अच्छे इंजीनियर, अच्छे चिकित्सक, अच्छे प्र ासक, अच्छे नेता बने। कार्यक्रम का संयोजन समिति महासचिव **डॉ. के.एल. तोतावत** ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

**सेवा प्रकोष्ठ : श्री भव्य माथुर पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार माथुर** जो यूरोलॉजिकल बीमारियों से काफी समय से ग्रसित है। उन्हें 5000 रु. की सहयोग राशि विज्ञान समिति द्वारा प्रदान की गई।

## स्वास्थ्य सेवाएं

**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर : विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे र ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। मार्च माह में 9 शिविर हुए जिसमें 119 रोगियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

**श्री विजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : विज्ञान समिति** में **तेतीसवां शिविर दिनांक 20 मार्च 2016** तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराग तलेसरा अस्थिरोग विशेषज्ञ, दर्शन डेंटल कॉलेज के दंत रोग विशेषज्ञ, श्री अंकित नागौरी-ब्लड शुगर, श्री बी.एल.पोरवाल एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 51 नागरिकों का ( 11 सामान्य, 22 हृदय, 5 अस्थि रोग, 36 मधुमेह, 4 दंत) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 17 नागरिकों को एक्यूप्रे र थेरेपी व 4 नागरिकों को योग से चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। आगामी **चौतीसवां शिविर 17 अप्रेल 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा ।**

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● विज्ञान समिति के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उदयपुर स्मार्ट विजन डॉक्यूमेन्ट 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय संगोष्ठी जो 9–10 अप्रेल को संभावित थी **अब 30 अप्रेल एवं 1 मई 2016 को आयोजित होगी।** इस संगोष्ठी के लिए 25 अनुभवी, दक्ष, वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न स्मार्ट सिटी विषयों पर प्रतिवेदन एवं पावर प्रजेन्टेशन बनाए जा रहे हैं।

● सोमवारीय चर्चाओं में प्रत्येक सोमवार को सामयिक विषयों पर एक घंटे तक चर्चाएं हुई जिसमें सदस्यों की उपस्थिति 10 से 12 तक रही। इस कार्यक्रम में सदस्यों की भागीदारी में उत्साही वृद्धि हो रही है।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की बैठक दिनांक 12 मार्च को आयोजित हुई जिसमे इंजी. जे.एस.पोखरना ने **Limitations of Senses and Science - Non Limitations of Dharma** पर पावर पोईन्ट प्रस्तुति दी। कुल 25 संभागियों ने भाग लिया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● **श्रद्धा** का 29 वां अंक (मार्च) प्रकाशित–वितरित हुआ। आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान केलवा के उद्घाटन का कार्यक्रम 10 अप्रेल को निश्चित हुआ। जिसके निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं तथा तैयारियां चल रही है।

## अन्य बिन्दु

● हमारे संरक्षक सदस्य **प्रो. जे.एन. कविराज** ने राज. माध्यमिक विद्यालय एवं ब्राह्मणों के खेत माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों को प्रेरणात्मक उद्बोधन दिया।

● समिति परिसर में गमलों पर ग्रीन नेट लगाने हेतु नेट के तरपाल खरीदे गए।

● **होली मिलन** कार्यक्रम 23 मार्च को आयोजित हुआ। जिसमें तिलक होली मनाई गई। दिनांक 24 व 25 मार्च को होली का अवकाश रखा गया।

## सदस्यों संबंधी

● हमारे अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** का सम्मान 12 मार्च को महावीर युवा मंच द्वारा विज्ञान समिति सभागार में वरिष्ठजन सम्मान समारोह में किया गया।

● हमारे एकेडमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** को स्थानीय साहित्यिक, सांस्कृतिक व वैचारिक संगठन **'युगधारा'** की नवगठित कार्यकारिणी में **वैचारिक प्रकोष्ठ का संयोजक** मनोनीत किया है। हार्दिक बधाई।

● हमारे महासचिव के सुपौत्र **श्री पल्लव तोतावत** जो सेंट ऐन्थोनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोवर्धन विलास में अध्ययनरत हैं ने एनएसओ–2016 (राष्ट्रीय विज्ञान

ओलम्पियाड–2016) एवं आईएमओ (अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड – 2016) द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दोनों में राज्य स्तरीय अवार्ड रुपया 1000/– मय मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त किया, बधाई।

● हमारे सदस्य **डॉ. सुजानसिंह** की 60 वर्षो की उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए 15 मार्च को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की ओर से लखनऊ में सम्मानित किये गये। हार्दिक बधाई !

● हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ. के.बी. शर्मा** घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ!

● एम.आई.टी. (अमेरिका) की भारतीय छात्रा **चांदनी दोषी ( हमारे सदस्य डॉ. जैनेन्द्र दोषी की सुपौत्री )** ने **दृष्टिविहिनों के लिए एक विधि विकसित की है** जिसके माध्यम से वे(दृष्टिविहिन) अब कम्प्यूटर पर सामान्य लोगों की भांति काम कर सकेंगे। कम्प्यूटर पर टाइप हुई सामग्री ब्रेल लिपि में परिवर्तित हो जाएगी व दृष्टिविहिन के लिए कम्प्यूटर पर काम करना कोई समस्या नहीं रहेगी। इस शोध के लिए अनेक स्तरों से गुजरते हुए चांदनी एवं उसके साथी अंतिम दौर तक पहुंचने में सफल रहे। अन्य कम्पनियों ने इस शोध को आगे बढ़ाने में आर्थिक सहयोग देने में रुचि दिखाई है, बधाई।

● हमारे सदस्य **श्री शांतिलाल भंडारी** की पौत्री **सुश्री काव्या भंडारी** का किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना के द्वितीय चरण में इंटरव्यू राउण्ड के लिए चयन हुआ। काव्या ने जिला स्तर पर प्रथम और राष्ट्रीय स्तर पर 363 वीं रेंक प्राप्त की। बधाई।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

**सेवा में**

## जन्मदिन की बधाइयाँ





**4 मार्च 2016 जन्मदिवस पर डॉ.प्राची भटनागर एवं 14 मार्च 2016 जन्मदिवस पर डॉ.आर.एल.जैन को विज्ञान समिति परिवार के सभी सदस्यों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। आगामी वर्ष ज्योतिर्मय हो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh. Prakash Tater | 03/04 | Sh.T.P. Paliwal | 25/04 |
| Dr. Arun Bordia | 06/04 | Dr. J.K. Doshi | 07/05 |
| Smt. Ashok Rathod | 06/04 | Sh.Pradeep Bapna | 08/05 |
| Sh. Sujjan Singh | 10/04 | Sh. S.N. Joshi | 11/05 |
| Sh. R.C. Mehta | 11/04 | Smt. Kaushlya Roongta | 20/05 |
| Sh. Hemant Bohra | 12/04 | Sh. Nitin Kothari | 24/05 |
| Sh. B.M. Dixit | 17/04 | Prof. Lalit Pandey | 30/05 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के अप्रेल माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

### ● नियमित स्वास्थ्य सेवाएं

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 17 अप्रेल 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 11 अप्रेल 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 अप्रेल 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 अप्रेल 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| महावीर जयन्ती संगोष्ठी | 21 अप्रेल 2016 | सांय 06.00 बजे से |
| अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

## आगामी विशेष संगोष्ठी

**उदयपुर स्मार्ट सिटी विजन डाक्यूमेंट 2025**
**दो दिवसीय संगोष्ठी**
**30 अप्रेल एवं 1 मई 2016 शनिवार-रविवार प्रातः 10 बजे से**

इस संगोष्ठी में उदयपुर शहर के व्यवस्थित विकास से संबंधित चयनित 25 बिंदुओं पर अनुभवी, प्रबुद्ध, विषय विशेषज्ञों द्वारा पत्र वाचन पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेंशन के माध्यम से किया जाएगा। संगोष्ठी आधारित प्रतिवेदन एवं अनुशंसाएं राज्य सरकार, नगर निगम, नगर विकास प्रन्यास एवं शहर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा जाएगा।

**अपील**

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608